हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 सुपारी किलिंग : पत्नी-बेटी समेत 5 गिरफ्तार, 1 फरार



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## कहीं पानी टंकी तो कहीं सिर्फ पाइप लाइन का विस्तार

# दो साल बाद भी 13 ड्राई गांवों में नहीं मिला जल जीवन मिशन के लिए जलस्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जल जीवन मिशन के तहत की गई खानापूर्ति अब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के गले की फांस बन गई है। योजना अंतर्गत स्वीकृत एक दर्जन से अधिक गांवों में पानी टंकी निर्माण एवं पाइप लाइन विस्तार करने के बाद विभाग इन गांवों में घर-घर पहुंचाने के लिए अब जल स्त्रोत ढूंढ रहा है। जलस्त्रोत नहीं मिलने के कारण इन गांवों को भीषण गर्मी में जल जीवन मिशन का पानी मिल पाएगा इसकी संभावना कम है।

**खास बात**
- गर्मी में हर साल होता है भीषण जल संकट

जल जीवन मिशन के तहत सरगुजा के 569 गांवों में घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत 189 गांवों में समूह जल योजना के माध्यम से जबकि 380 गांवों में ट्यूबवेल खनन कर पानी टंकी से घरों में पेयजल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। योजना के तहत पानी टंकी बनाने एवं घर-घर पाइप लाइन का विस्तार करने के बाद विभाग अब जल स्त्रोत की तलाश कर रहा है। टंकी बनाने के बाद पानी आपूर्ति के लिए ठेकेदार ने इन गांवों में जगह-जगह ट्यूबवेल खनन किया तो जानकारी मिली की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण भूगर्भ में कही पानी ही नहीं है। कही उपलब्ध भी है तो बोरवेल के लिए उपयुक्त नहीं है। जगह-जगह ट्यूबवेल खनन करने के बावजूद जब पानी का स्त्रोत नहीं मिला तो विभाग अब आसपास के दूसरे गांवों में बोर खनन कर लोगों की प्यास बुझाने की कोशिशें कर रहा है। इस तरह की पहल से विभाग को ड्राई ढाई दर्जन से अधिक गांवों में पानी पहुंचाने में सफलता मिली है। विभाग इसके लिए आसपास के गांवों में सर्वे के माध्यम से भूगर्भ में उपलब्ध पानी के स्त्रोत की जानकारी जुटा रही है। इस तरह की भीषण समस्या से निपटने के लिए विभाग ने कुछ गांवों में लम्बी दूरी से पानी पहुंचाया है। ड्राई ग्रामों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभाग के पास इसके अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प भी उपलब्ध नहीं है।



निर्माणाधीन पानी टंकी।

### इन गांवों में समस्या

सरगुजा के 13 गांवों में जलस्त्रोत की समस्या है। इनमें से अधिकांश में अभी पानी टंकी एवं पाइप लाइन विस्तार का कार्य पूरा नहीं हो सका है तथा निर्माण पूरा करने के लिए ठेकेदार जलस्त्रोत मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जलस्त्रोत विहीन गांवों में लुण्ड्रा ब्लॉक का ग्राम जूना कुडर, सपड़ा, भेड़िया, गाजर मुड़ा, पटोरा, कोयलारी, अजिरमा खुर्द, लखनपुर ब्लाक का ग्राम अंधला, हंसडांड, पटकुरा, मैनपाट का ग्राम असकरा, असगवां एवं सीतापुर का ग्राम जामझरिया शामिल है। ग्राम जून कूडर के ग्रामीणों ने सैकड़ों ट्यूबवेल खुदवाए लेकिन पानी नहीं निकला कुछ पानी निकला भी तो बमुश्किल से घर की जरूरतें पूरी होती हैं। गांव के सभी हैण्डपंप हवा उगल रहे हैं। ठेकेदार द्वारा खोदे गए एक ट्यूबवेल से ग्रामीण प्यास बुझा रहे है। गांव के आंबा केन्द्र का ट्यूबवेल 1 साल से बंद पड़ा है। गांव में पानी टंकी बन गई है लेकिन अभी पाइपलाइन का विस्तार नहीं हो सका है। ग्राम कोइलारी में भी मिशन का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। पहाड़ी ग्राम सपड़ा एवं भेड़िया में पाइप लाइन विस्तार पूरा हो गया है लेकिन टंकी नहीं बनी है। यहां भी हैंडपंप एवं ट्यूबवेल सफल नहीं होते। लोग किसी तरह हैंडपंप से प्यास बुझा रहे हैं। अन्य गांवों में भी लोग भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं।

### 3 माह पूर्व 44 गांव थे ड्राई

तीन माह पूर्व तक सरगुजा के 44 गांवों में जल स्त्रोत नही मिलने के कारण योजना ठप पड़ी थी। विभाग ने इनमें से 31 गांवों में तथा आसपास के गांवों में ट्यूबवेल खनन कर पाइप लाइन से टंकी तक पानी पहुंचाया है। विकासखण्ड अम्बिकापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत घंघरी में सभी हैण्डपंप से फ्लोराइड युक्त पानी निकलने एवं गांव में स्वच्छ पानी का स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने पर 1400 मीटर दूर ट्यूबवेल खनन करा टंकी तक पानी पहुंचाया गया है। दूसरे गांव में पानी उपलब्ध कराने के लिए अन्यत्र ट्यूबवेल खनन का ग्रामीण भी विरोध कर रहे हैं। ट्यूबवेल खनन को लेकर शासन भी सख्ती बरत रहा है तथा ड्राई ट्यूबवेल खनन का भुगतान बंद कर दिया है। शासन की सख्ती के बाद ठेकेदार अब सर्वे करने के बाद ही ट्यूबवेल खनन कर रहे हैं।

#### सर्वे की खानापूर्ति से समस्या

मिशन के तहत विभाग के अधिकारियों ने प्रभावित गांवों की भौगोलिक स्थिति, विभिन्न वार्डों में लगे हैण्डपंपों से उपलब्ध पानी की स्थिति जाने बिना ही घर में सर्वे की खानापूर्ति पूरी कर ली। हमेशा घर भागने के चक्कर में तत्कालीन कार्यपालन अभियंता ने भी इस खानापूर्ति को बढ़ावा दिया तथा वास्तविकता जाने बिना शासन को प्रस्ताव भेज दिया। इस बड़ी लापरवाही के कारण विभाग की जमकर किरकिरी हो रही है साथ ही ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इन सभी गांवों में गर्मी के मौसम में पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि मच जाती है।

#### कराया जा रहा सर्वे

जलस्त्रोत विहीन 44 गांवों में से 31 में दूसरे गांवों में ट्यूबवेल खनन कर पानी की व्यवस्था की गई है। शेष बचे गांवों में अच्छे जल स्त्रोत को तलाशने सर्वे कराया जा रहा है। ठेकेदारों को शीघ्र निर्माण पूरा करने की चेतावनी दी गई है।
-एसके सिन्हा, ईई, पीएचई



# हाथी निगरानी दल ने पकड़ा साल लट्ठा लोड पिकअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राजपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत बरियों सर्किल के रेवतपुर जंगल मे रात्रि गस्त के दौरान हाथी निगरानी में गए वन विभाग की टीम को बड़ी सफलता मिली है। वन विभाग की टीम ने रेवतपुर के जंगल से लकड़ी लोड पिकअप को जब्त किया। है।

बीती रात लगभग 2 बजे रेवतपुर के जंगलों में हाथी के निगरानी में लगे वन विभाग की टीम रात्री गश्त में थे। इसी बीच मुखबीर से सूचना मिली कि बरियों सर्किल के रेवतपुर के जंगल में रेवतपुर बिट कक्ष क्रमांक पी 2563 में लकड़ी तस्कर पिकअप क्रमांक यूपी 65 जेटी 2926 में 6 नग साल का लट्ठा लोड कर ले जाने के फिराक में है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और लकड़ी लोड पिकअप को जब्त कर लिया। वन विभाग की टीम को देखकर वाहन चालक इलियास खान एवं उसका भाई रमजान खान मौके से भागने में कामयाब रहे। वन विभाग की टीम ने बताया कि पिकअप से 1.914 घन मीटर लकड़ी को जब्त जप्त किया गया है जिसकी कीमत लगभग 73 हजार रुपये है। कार्रवाई में उपवनमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं वनपरिक्षेत्राधिकारी महाजन साहू के दिशा निर्देश पर बरियों सर्किल इंचार्ज एली एलसा मिंज, परिक्षेत्र सहायक अमृत प्रताप सिंह, वनपाल श्रीमती मालती मांझी, वन रक्षक प्रमिट कुमार एक्का, कुंदन कुमार पैकरा, भूपेंद्र प्रताप सिंह एवं पुनीत कुमार सिंह सक्रिय थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा में नव्या का चयन



**बतौली/सेदम।** नव्या गुप्ता का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा में हुआ है। नव्या गुप्ता राज्यपाल पुरूस्कृत शिक्षक विष्णु कुमार गुप्ता के पुत्र प्रतीक कुमार गुप्ता की पुत्री है। नव्या शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। नव्या ने चयन होने का श्रेय माता पिता एवं गुरुजनों को दी है। नव्या ने बताया कि आगे मेहनत और परिश्रम से पढ़ाई कर राष्ट्र सेवा, समाज सेवा हेतु कार्य करने की बात कही।

### खबर संक्षेप



## महापौर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 10 अप्रैल से

**अम्बिकापुर।** पार्षद एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी एवं मनोज कंसारी ने प्रेसवार्ता कर बताया कि महापौर कप प्रतियोगिता 10 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। कमल वाहिनी द्वारा आयोजित महापौर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में निगम क्षेत्र के 48 वार्डों से पार्षदों की टीम, पत्रकार और प्रशासन की ओर से खिलाड़ी भाग लेंगे। रात्रिकालीन क्रिकेट में कमल वाहिनी समिति निर्धारित मापदंडों के अनुसार टीम का चयन करेगी। प्रतियोगिता में टीमों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। समिति प्रतिभागियों को आमंत्रित किया जाएगा। महापौर कप क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता को एक लाख रूपए और उपविजेता को पचास हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

## पीपीटी परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 11 अप्रैल तक

**अम्बिकापुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के सरगुजा और बस्तर संभाग के पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए पीपीटी (प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट) प्रवेश परीक्षा 2025-26 के ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2025 सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि राज्य शासन की नीति के अनुसार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए स्थानीय जिले के मूल निवासियों को प्राथमिकता दी जाती है। हालांकि, दुर्गम क्षेत्रों के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राएं कई बार जानकारी के अभाव में प्रवेश लेने से वंचित रह जाते हैं। इसलिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू हो चुकी है जो 11 अप्रैल को समाप्त होगी। आवेदन में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार 12 से 14 अप्रैल सायं 5:00 बजे तक किया जा सकेगा। पीपीटी प्रवेश परीक्षा 1 मई को पूर्वान्ह 9 बजे से 12.15 बजे तक जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। व्यापम की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध पीपीटी प्रवेश परीक्षा 2025-26 से संबंधित विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## चोरों ने शहर के अलग-अलग जगहों से पार किया दो बाइक

**अम्बिकापुर।** पत्थलगांव निवासी आशीष एक्का आ. लवरेश एक्का (26 वर्ष) 27 मार्च को बाइक क्रमांक सीजी 14 एमके 7164 से सुभाषनगर निवासी दोस्त ईश्वर के किराए के मकान में आया था। दूसरे दिन सुबह दोस्त को बस स्टैंड में छोड़ने के पश्चात बाइक को किराए के मकान के सामने खड़ा किया था। दोपहर को रूम से बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। इसी प्रकार दूसरी घटना में ब्रम्हरोड़ निवासी अमित कुमार आ. राजेश कुमार (27 वर्ष) 28 मार्च को अपनी केटीएम बाइक क्रमांक सीजी 15 डीटी 5437 को घर के पार्किंग में खड़ा किया था। इसी बीच देर रात चोरों ने बाइक को पार कर दिया। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। युवक ने अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो पता चला कि रात करीब 1.30 बजे अज्ञात व्यक्ति बाइक ले जाते नजर आया। युवक ने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध दर्ज किया है।

# राजस्व मंडल के आदेश में कूटरचना करने वाला फरार आरोपी विंढमगंज से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- फर्जी दस्तावेज से कराया था भूमि स्वामित्व का आदेश पारित

राजस्व मण्डल के आदेश में कूटरचना कर अन्य लोगों के नाम भूमि स्वामित्व का आदेश पारित कराने के मामले में पिछले 6 महीनों से फरार चल रहे मुख्य सरगना मो.दस्तगीर को कोतवाली पुलिस ने विंढमगंज, उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आरोपी पुलिस से बचने विंढमगंज में छिपा था।

राजस्व मंडल के आदेश में कूटरचना कर अन्य लोगों के नाम भूमि स्वामित्व का आदेश पारित कराने का मामला आने पर कोतवाली पुलिस ने 6 सितम्बर 2024 को आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था। अशोक अग्रवाल विरूद्ध सुखमनिया एवं अन्य के प्रकरण में पारित आदेश संदेहास्पद होने वहीं एक अन्य प्रकरण में मो.फारूख आ.अब्दुल रसीद प्रति भगतु राम द्वारा आवेदित ग्राम मानिक प्रकाश पुर की भूमि खसरा क्रमांक 188/3 रकबा .052 हेक्टेयर से संबंधित राजस्व मण्डल द्वारा पारित आदेश संदेहास्पद प्रतीत होने पर दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में राजस्व मंडल के आदेश में कूटरचना कर अपने हक में आदेश पारित कराने का खुलासा हुआ। कोतवाली पुलिस दोनों मामलों में बीएनएस की धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2) बी का मामला पंजीबद्ध कर जांच में जुटी थी।



पुलिस ने भूमि से संबंधित दस्तावेज जब्त कर पूर्व में शामिल खरसिया नाका निवासी आरोपी मो.फारूख आ.स्व.रशीद को गिरफ्तार कर जेल भेजा था तथा अन्य आरोपियों की खोजबीन कर रही थी। गिरफ्तार आरोपी मो.फारूक ने पुलिस को मो.दस्तगी अंसारी के साथ राजस्व मंडल के आदेश में हेराफेरी करने की जानकारी दी थी। सूचना के आधार पर पुलिस मो.दस्तगीर को तलाश रही थी। मुखबिर से आरोपी मो.दस्तगीर के बिढमगंज में अपने रिश्तेदारों के घर छिपे होने की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। मो.दस्तगीर (52वर्ष) रामानुजगंज का निवासी है।

### लम्बे समय से कर रहा था हेराफेरी

मो.दस्तगीर लम्बे समय से जमीन की हेराफेरी कर रहा था। इस तरह के मामलों से जुड़े लोग उसे ऊंची पहुंच वाला व्यक्ति मानते थे। वह राजस्व मंडल के आदेश को बदलवाने का खुला दावा भी करता था। भाजपा नेता एवं वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे ने बताया कि मो.दस्तगीर ने सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले में कुटरचना से राजस्व मण्डल का फर्जी आदेश बनाकर सैकड़ों लोगों के नाम से 3 हजार एकड़ भूमि चढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम इंदरपुर खोरी में 250 एकड़ शासकीय भूमि को वापस शासकीय मद में चढ़वाया था। विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम रिरी की 1100 एकड़ शासकीय भूमि को एसकेएस इस्पात के नाम फर्जी नामांतरण कराया था जिसे जांच उपरांत वापस शासकीय मद में दर्ज किया गया। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर कड़ाई से पूछताछ करें हजारों एकड़ शासकीय भूमि की हेराफेरी करने का खुलासा हो सकता है।

# ट्रैक्टर और बाइक चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 1 ट्रैक्टर और 6 बाइक बरामद, पकड़े गए 4 आरोपी

ट्रैक्टर और बाइक चोरी करने वाली गिरोह को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही 1 ट्रैक्टर और 6 बाइक को बरामद किया है। इसके साथ ही मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

मणिपुर पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत सांड़बार जंगल पारा निवासी सलीन एक्का आ. सुखलाल एक्का ने 4 मार्च की रात अपने ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 29 एजी 3236 को घर के सामने रोड किनारे खड़ा किया था। 5 मार्च की सुबह जब ग्रामीण घर से बाहर निकला तो उसका ट्रैक्टर चोरी हो गया था। इस मामले में ग्रामीण ने 5 मार्च को घटना की शिकायत पुलिस से की थी। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 303 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस पुलिस को सूचना मिली बसदेई रगदा निवासी धनेश्वर राजवाड़े ट्रैक्टर बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के आधार पर।पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही धनेश्वर राजवाड़े को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने अपने साथी शुभम सोनी और मनोज सोनवानी के साथ मिलकर ट्रैक्टर चोरी करने की बात कबूल की। मामले में।पुलिस ने सूरजपुर बसदेई चौकी के ग्राम रगदा निवासी 26 वर्षीय धनेश्वर राजवाड़े आ. दरियर राजवाड़े, भटगांव जंगलपारा निवासी 21 वर्षीय शुभम सोनी आ. कालीचरण सोनी व लखनपुर शिवपुर निवासी 31 वर्षीय मनोज सोनवानी आ. पदुम सोनवानी से पूछताछ की उन्होंने बताया कि 4 मार्च को उन्होंने ट्रैक्टर चोरी कर उसे घरतीपारा स्थित बन्द पड़े मकान में छिपा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने पूछताछ में बसदेई बहेरापारा निवासी 25 वर्षीय परमेश्वर राजवाड़े आ. जगेश्वर राजवाड़ेव अन्य लोगों के साथ मिलकर भिट्ठीकला बाजार, बिश्रामपुर व गांधीनगर क्षेत्र से कुल 6 नग बाइक की चोरी की है। पुलिस ने मामले में परमेश्वर को भी गिरफ्तार कर आरोपियों की निशानदेही पर 6 नग बाइक बरामद किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणिपुर उनि अखिलेश सिंह, सउनि अनिल पांडे, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, महेश्वर सिंह, आरक्षक उमाशंकर साहू, कुश सोनी, अतुल शर्मा, अनिल सिंह, सुरेश गुप्ता एवं साइबर सेल से सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, आरक्षक रमेश राजवाड़े, मनीष सिंह एवं चौकी बसदेही से चौकी प्रभारी सकलू राम भगत एवं अन्य स्टाफ सक्रिय रहे।



# अज्ञात मृतक की हुई पहचान, ट्रक की टक्कर से हुई थी मौत

**अम्बिकापुर।** मेड्रा कला पेट्रोल पंप के समीप ट्रक की टक्कर से मोपेड सवार की मौत हो जाने के तीन दिन बाद मृतक की पहचान हो सकी। मोपेड सवार शहर के मंडी में कटहल बेचकर शाम को वापस घर जा रहा था तभी ट्रक की चपेट में आ गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम मोहनपुर उकापारा निवासी राजा भरथरी आ. बुढऊ राम (33 वर्ष) 27 मार्च दिन 12 बजे मोपेड से कटहल लेकर शहर के मंडी में बेचने आया था। मंडी में कटहल बेचने के पश्चात शाम 5.50 बजे वापस घर लौट रहा था। जैसे ही मोपेड सवार मेंड्राकला पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईसी 5394 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोपेट सवार की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाने पर पुलिस ने शिनाख्त के लिए शव को मरच्यूरी कक्ष में रखवा दिया। इधर परिजन राजा के घर आने पर खोजबीन करने लगे और तीन दिन बाद अस्पताल पहुंच मृतक की पहचान की। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## कबाड़ के लोहे से किया गया है निर्माण, स्वच्छता सर्वेक्षण में मिलेगी मदद

# वेस्ट टू वंडर के तहत निर्मित एफिल टावर का किया गया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वेस्ट टू वंडर के तहत कबाड़ के लोहे से बनाए गए एफिल टावर का सोमवार उद्घाटन किया गया। सेनेटरी पार्क में बनाए गए इस आकर्षक एफिल टावर का महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

बता दें कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में अपनी खोई हुई पहचान और मुकाम को हासिल करने के लिए इस बार जोरशोर से प्रयास किए जा रहे है। ननि द्वारा शहर में रंग रोगन, वाल पेंटिंग, सड़कों के मरम्मत सहित अन्य कार्य किए गए है। इसके साथ नगर निगम द्वारा शहर में नए नए नवाचार किए जा रहे है। इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा एफिल टावर का निर्माण कराया गया है। बड़ी बात यह है कि सेनेटरी पार्क में स्थित टर्सरी सेंटर में आग लगने के बाद नष्ट हुए सेंटर के लोहे के कबाड़ से एफिल टावर का निर्माण कराया गया है। कबाड़ के लोहे से 30 फीट ऊंचा एफिल टावर बनाया गया है। सोमवार को नव निर्मित एफिल टावर का लोकार्पण महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने किया। इस अवसर पर श्रीनाती मंजूषा भगत ने कहा कि कबाड़ से जुगाड़ के तहत नगर निगम ने नवाचार करते हुए एफ़िल टावर का निर्माण किया है जो की आने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में वेस्ट टू वंडर कैटेगरी में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाएगा। उन्होंने नगर निगम की टीम को बधाई देते हुए कहा कि शहर में साफ़ सफाई और अन्य सौंदर्यीकरण पर हम मिलकर कम कर रहे हैं जिसका परिणाम आने वाले दिनों में दिखाई देगा और हम फिर से शहर को उसका गौरव वापस दिलायेंगे। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, जितेंद्र सोनी, ममता तिवारी, रविकांत उरांव, पार्षद आलोक दुबे, श्रीमती किरण दीपक सिंह तोमर, कमलेश तिवारी, वरिष्ठ पार्षदगण, ननि आयुक्त डीएन कश्यप, रोचक गुप्ता भाजपा के पदाधिकारी अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।



फीता काटकर उद्घाटन करतीं महापौर व अन्य।



## पुरानी रंजिश को लेकर महिला से मारपीट

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केनसरा निवासी महिला के साथ पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला सहित दो युवकों ने गाली गलौज करने के साथ ही मारपीट भी की। महिला शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कुंती साहनी पति निर्मलचंद्र साहनी निवासी ग्राम केनसरा ने बताया कि 30 मार्च की रात्रि करीब 8.30 बजे वह घर के सामने स्थित पानी टंकी में पानी लेने गई थी। वहां पर उमेश महंत बैठा था, जो कीर्तन यादव के साथ बातचीत हो रहा था। उसे देखकर उमेश यादव ने पूर्व में उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत करने व रिपोर्ट करने की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। तब उसने गाली-गलौज करने से मना किया। इसी बीच राजेश महंत, सोनदास महंत और संतराबाई सभी वहां आ गए।

## खबर संक्षेप

### मौसम में बदलाव से क्षेत्र में बढ़ा गर्मी का प्रकोप

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में गर्मी का असर लगातार तेज होता जा रहा है। बीते दिनों हल्के मौसमी बदलाव के कारण राहत रही, लेकिन पिछले तीन दिनों से दोपहर के समय तीव्र गर्मी पड़ने लगी है। गर्मी से बचने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों और आइसक्रीम पार्लरों का रुख कर रहे हैं। खासतौर पर युवा और बच्चे दोपहर व शाम के समय ठंडी चीजों की तलाश में नजर आ रहे हैं।

### स्कूल संचालन के समय में परिवर्तन

**बैकुण्ठपुर।** तेजी से बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए संचालक लोक शिक्षण ने शाला संचालन समय में परिवर्तन करने का आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार 2 अप्रैल से समस्त शालाएं परिवर्तित समय में संचालित होगी। वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए संचालक लोक शिक्षण छग द्वारा राज्य के सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन समय में परिवर्तन करने का आदेश जारी कर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित किया है। जारी आदेश के अनुसार एक पाली में संचालित संचालित समस्त शालाएं प्रातः 7 से 11 बजे तक तथा जहां दो पाली में शाला संचालित होती है, वहां प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सुबह 7 से 11 बजे तक तथा हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल पूर्वान्ह 11 से 3 बजे अपरान्ह तक संचालित होंगी। यह आदेश 2 अप्ैरल से 30 अप्ैरल तक प्रभावशील रहेगा।

### लोडिंग के दौरान टायर के नीचे आया युवक, मौत

**डांडगांव।** रविवार दोपहर 3 बजे ग्राम सानी बर्रा के स्कूल ग्राउंड समीप खेत में जेसीबी के माध्यम से दो ट्रैक्टर लोडिंग किया जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर मालिक का भतीजा सानी बर्रा निवासी ओमप्रकाश मरकाम आ. हीरालाल मरकाम (35 वर्ष) जेसीबी में बैठा था।

### सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़गांव कोसाबारी इलाके में मिला था शव

# सुपारी किलिंग : पत्नी-बेटी समेत 5 गिरफ्तार, 1 फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़गांव कोसाबारी इलाके में पुलिया के नीचे बोरी में लिपटे हुए एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोरिया पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की और महज 24 घंटे के भीतर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल कर ली है। इस जघन्य हत्या को मृतक की पत्नी और बेटी ने मिलकर 1 लाख रुपए की सुपारी देकर अंजाम दिलवाया था।

- **बोरी में बंद मिले लाश के हत्या की गुत्थी सुलझी**

मिली जानकारी के अनुसार बीते 29 मार्च को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गांव कोसाबारी पुलिया के नीचे कंबल, दरी और बोरी में लिपटा हुआ एक शव बरामद हुआ। पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। शव की पहचान खुटरापारा निवासी अशोक कुमार कुर्रे के रूप में हुई। मृतक एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय में अस्थायी रूप से फाइल बाइंडिंग और चाय पिलाने का कार्य करता था। पुलिस जांच में पता चला कि मृतक की पत्नी सांता कुर्रे ने 26 मार्च को थाने में अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन जब गहराई से जांच की गई तो यह संपूर्ण मामला हत्या का निकला। पुलिस पूछताछ में मृतक की पत्नी और बेटी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। मृतक की बेटी सरिता कुर्रे उम्र 21 वर्ष ने बताया कि उसका पिता नशे का आदी था और रोज रात में उसकी मां के साथ मारपीट करता था।


हत्याकांड का खुलासा करते एसपी रवि कुर्रे।

#### ऐसे हुई थी हत्या की वारदात

बीते 19 मार्च की रात 10 बजे सरिता ने तौसिफ और अमानुल को घर बुलाकर अंदर छिपा दिया। जैसे ही अशोक कुर्रे खाना खाकर बाहर के कमरे में खटिया पर सो गया, उसकी बेटी ने मैसेज कर तौसिफ और अमानुल को बुलाया, वहीं अन्य छोटे बच्चों को एक कमरे में बंद कर दिया गया और बाहर से दरवाजा लगा दिया गया। तौसिफ और अमानुल खान ने धारदार हथियार (चापड़) से अशोक के सिर और गर्दन पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान पत्नी सांता कुर्रे और बेटी सरिता ने मृतक के पैर पकड़ रखे थे। हत्या के बाद शव को दरी और बोरी में लपेटकर रस्सी से बांधा और बाइक पर रखकर पुलिया के नीचे फेंक दिया।

#### ये आरोपी गिरफ्तार किए गए

हत्या के इस वारदात में सांता कुर्रे पत्नी, सरिता कुर्रे बेटी उम्र 21 वर्ष, शहनाज खान सुपारी दिलाने वाली महिला, तौसिफ खान उर्फ बाबू उम्र 20 वर्ष मुख्य आरोपी, अरबाज अंसारी सहयोगी उम्र 25, अमानुल खान उर्फ बाबा अभी फरार है। हत्या में प्रयुक्त सीबीजेड बाइक, धारदार चापड़ और मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं फरार आरोपी अमानुल खान की तलाश जारी है। उक्त मामले में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 120/2025, धारा 103 (1), 238, 61(2) बी (आईपीसी) दर्ज किया गया है।


प्रतियोगिता में शामिल टीम।

## नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में महिला टीमों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

मां दुर्गा सेवा समिति एनसीपीएच क्लब हल्दीबाड़ी के तत्वाधान में आयोजित 5 वीं राष्ट स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में महिला स्पेशल लीग के मुकाबले खेले गए। इसमें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले मैच में अलीगढ़ और व्यवहारी की टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। इसमें अलीगढ़ ने 28-4 से जीत दर्ज की।

दूसरा मैच इंदौर और सागर के बीच हुआ। इसमें इंदौर की टीम ने 10 अंकों से सागर को हराया। तीसरे मुकाबले में खेलो इंडिया एमसीबी और खड़गवां की टीमों के बीच संघर्षपूर्ण खेल देखने को मिला। चौथा मैच जबलपुर और राजनांदगांव के बीच खेला गया। इसमें दोनों टीमों ने जोरदार प्रदर्शन किया। महिला संगठन की सदस्याओं ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, चाहे वह शिक्षा हो या खेल। खिलाड़ियों ने अपने कौशल और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे यह साबित हुआ कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी अपने जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगी। प्रतियोगिता के कमेंटेटर की भूमिका सुशांत घोष ने निभाई, जबकि निर्णायक मंडल में राष्ट्रीय रेफरी मिथिलेश चतुर्वेदी, परमु यादव जबलपुर, मो. शरीफ खान नरसिंहपुर, हरिशंकर यादव झांसी, परमजीत सिंह मुजफ्फरनगर, मिथिलेश नेताम अनूपपुर और महिला रेफरी जयास्वामी जबलपुर शामिल रहीं।

## महिला जागृति शिविर में अन्नप्राशन व गोद भराई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सोमवार को बैकुंठपुर सेक्टर में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम पंचायत केनापारा की सरपंच कौशल्या सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर की। शिविर में अन्नप्राशन, गोद भराई और कुर्सी दौड़ जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत केनापारा के उप सरपंच विश्वनाथ राजवाड़े उर्फ नानू, पंच सृष्टि राजवाड़े, पूर्व उप सरपंच रमेश सिंह, महिला बाल विकास बैकुंठपुर की सुपरवाइजर सोनाली तिवारी, केनापारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की अध्यक्ष रमा सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता जायसवाल जूनापारा, विभा जायसवाल बहिमर केनापारा, किरण भट्टीपारा बैकुंठपुर सहित काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। शिविर में महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और अधिकारों पर विशेष चर्चा की गई। सरपंच कौशल्या सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को जागरूक करने और उनके सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिला बाल विकास विभाग की ओर से महिलाओं व बच्चों के विकास से जुड़े विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

## बिछिया टोला समेत कई जगहों पर प्रशासन की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछिया टोला में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।

30 मार्च को एमसीबी कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर खनिज विभाग के आलाधिकारी ग्राम पंचायत बिछिया टोला पहुंचे और ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कोयले के अवैध खनन के साथ ही अवैध पत्थर खनन और अवैध रेत खनन पर कार्रवाई की। अवैध मुरूम खनन पर कार्रवाई में खनिज विभाग ने एक जेसीबी, एक टैक्टर, एक टिपर को जब्त किया है। एमसीबी खनिज विभाग ने बिछिया टोला अंतर्गत केवई नदी के किनारे कोयले के अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए 23 नग भरी बोरी की जब्त कर केल्हारी थाना में सुपुर्द किया है। एमसीबी खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने बताया कि 30 मार्च को एमसीबी कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के केल्हारी तहसील अंतर्गत ग्राम बिछियाटोला में बोल्डर के अवैध उत्खनन क्षेत्र का जांच किया गया। जांच में नदी के किनारे अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध उत्खनन किए गए 12 घन मीटर बोल्डर को जब्त कर सरपंच ग्राम पंचायत बिछियाटोला को सुपुर्द में दिया गया है। बिछियाटोला अंतर्गत केवाई नदी से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उत्खनन कर रखे गए 23 बोरी को जब्त कर थाना केल्हारी को सुरक्षार्थ रखने के लिए सुपुर्द में दिया गया है।


कार्रवाई करती खनिज विभाग की टीम।



## खबर संक्षेप



### गणपति धाम में आयोजित किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अम्बिकापुर।** महामाया सेवा भारती द्वारा हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र पर महामाया पहाड़ स्थित गणपतिधाम में तेज ब्लड बैंक, माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल और तेज डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक नरेंद्र सिंह टुटेजा के सौजन्य से आयोजित किया गया। शिविर में रक्तदान, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, बीएमडी टेस्ट की निःशुल्क जांच की गई तथा चिकित्सकों ने परामर्श देकर आवश्यक दवाइयां वितरित की। महामाया सेवा भारती के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर में सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव, भगवान दास अग्रवाल, गोल्डी बिहाड़े, शैलेष सिंह, जितेंद्र सोनी, राजेश सिंह, इंदर भगत, अनीश सिंह, अंशुल श्रीवास्तव, शरद सिन्हा, नितिन आदि उपस्थित थे।

### सीतापुर में 12 वें दिन जारी रही सचिव संघ की हड़ताल

**अंबिकापुर।** मोदी की गारंटी के तहत किए गये वादों को पूर्ण करने की मांग को लेकर सीतापुर में सचिव संघ की हडताल 12वें दिन भी जारी रही। इस हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों में काम काज ठप हो गया है। सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरजन राम ने बताया कि सन 1995 से कार्यरत सचिवों को मोदी की गारंटी के तहत भाजपा सरकार ने शासकीयकरण करने का वादा किया है।लेकिन डेढ़ साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी सरकार अपने वादे पर अमल करती नजर नही आ रही है। शासकीयकरण के अभाव में हम सारे सचिव अन्य शासकीय कर्मचारियों की तरह शासन के लाभ से वंचित हो जाते है जिसकी वजह से सचिवों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। लंबे समय से शासकीयकरण के इंतजार में कई सचिव तो अब सेवानिवृत्त की कगार पर जा पहुंच चुके है। इस बार सचिव संघ आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना चुकी है। जब तक हमारी मांग पूरी नही हम आंदोलन जारी रखेंगे। विगत 12 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे सचिवों के कारण पंचायत के सारे काम ठप्प हो गए हैं जिसका सीधा नुकसान गांव के लोगो को झेलना पड़ रहा है। इस दौरान संजय यादव, युवराज गुप्ता, श्यामाचरण केहरी, बसंत दास, विश्वनाथ राम, केश्वर राम, सतीश सोनी, त्रिलोचन राम, लोभन एक्का, शक्ति सिंह, कुंती तिग्गा, त्रिलोचन यादव, लक्ष्मण राम समेत अन्य मौजूद थे।

## निधन

### सुरेश अग्रवाल



**बिश्रामपुर।** करंजी निवासी सुरेश अग्रवाल 65 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद आज जिला अस्पताल अंबिकापुर में उपचार के दौरान सोमवार की दोपहर निधन हो गया।वे बिश्रामपुर स्थित आकाश गंगा गिफ्ट गैलरी संचालक नरेश अग्रवाल के बड़े भाई थे।उनका अंतिम संस्कार आज मंगलवार को शंकर घाट अंबिकापुर में प्रातः नौ बजे किया जाएगा।

### विभिन्न संगठनों ने किया एसपी कार्यालय का घेराव

# ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

थार सवार ट्रांसपोर्टर संचालक से की गई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ने लगा। टांसपोर्टर के साथ कार सवार द्वारा न सिर्फ मारपीट किया गया बल्कि जान से मारने की नियत से जानलेवा हमला किया गया। गत दिन क्षत्रिय समाज सहित हिन्दू के विभिन्न संगठनों के लोगों ने एएसपी से मुलाकात कर आरोपियों के विरूद्ध हत्या का प्रयास करने का मामला दर्ज किए जाने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया। हालांकि पुलिस ने आरोपियों की रिपोर्ट पर टांसपोर्टर के विरूद्ध भी अपराध दर्ज किया है। आज पुनः विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सहित सदस्यों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर एसपी कार्यालय का घेराव किया तथा आरोपियों के विरुद्ध मॉब लिंचिंग का मामला दर्ज किए जाने की मांग की।

**खास बातें**

- कार सवार ने थार सवार टांसपोर्टर संचालक पर किया था जानलेवा हमला
- रिपोर्ट के बाद भी नहीं हुई आरोपियों की गिरफ्तारी

शनिवार की रात शहर के रिंग रोड शिवधारी कॉलोनी के समीप थार और कार के बीच उस समय टक्कर हो गई जब कार सवार दूसरी ओर आने तेज रफ्तार कार मोड दिया था। थार से टक्कर होने पर कार सवार युवकों ने थार सवार सूरजपुर निवासी टांसपोर्टर संजय सिंह के साथ न सिर्फ मारपीट किया बल्कि उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हैरानी की बात तो यह है कि सरेआम सड़क पर टांसपोर्टर की बेदम पिटाई की जा रही थी लेकिन किसी की हिम्मत नहीं हुई की बीच बचाव कर सके। इधर मारपीट की घटना का स्थानीय लोगों ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया मे वायरल कर दिया। इस मामले में घायल संजय सिंह ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वसीम कुरैसी व मोनू कुरैसी के विरूद्ध धारा 296, 351(3), 115(2), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया। हालांकि पुलिस ने आरोपियों के रिपोर्ट पर भी थार सवार के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। इधर सोशल मीडिया में मारपीट का वीडियो वायरल होने पर लोग काफी आक्रोश हो गए। जिस तरह से थार सवार के साथ बेरहमी से जानलेवा हमला किया गया इसके विरोध में रविवार को क्षत्रिय समाज, विश्व हिन्दू परिषद, हिंदू जागरण मंच, श्रीराम सेना सहित अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओ ने एएसी से मुलाकात कर आरोपियों के विरूद्ध हत्या के प्रयास करने की धारा व गिरफ्तारी की मांग की। मांग पर आरोपियों के विरूद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। शाम को पुनः सभी संगठन के कार्यकर्ता घटना स्थल से कुछ दूर प्रतापपुर चौक के समीप एकत्र हो गए और आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी किए जाने की मांग की।

इस सम्बन्ध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया गया है और जल्द ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



एएसपी से चर्चा करते हिन्दू सभा के सदस्य।

### हिन्दू समाज के लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

ट्रांसपोर्टर पर हुई जानलेवा हमला के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आज पुनः हिन्दू समाज के विभिन्न संगठन के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। साथ ही आरोपियों के विरूद्ध मॉब लिंचिंग का मामला दर्ज करने की मांग की। संगठन के लोगों का कहना है कि जिस तरह से थार वाहन से मामूली डेस लगने पर कार सवार द्वारा टांसपोर्टर के साथ मारपीट की गई वह निंदनीय है जिसका विरोध करते है। ऐसे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आने वाले दिनों में किसी के साथ ही घटना की पुर्नावृति हो सकती है। आज एसपी कार्यालय घेराव के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। इधर एसपी योगेश पटेल ने शहर के लोगों से शांति बनाए रखने की बात कही साथ ही आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिए जाने का आश्वासन दिया।



## चैत्र नवरात्र पर श्रीराम सेना द्वारा निकाली जाएगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्रीराम सेना द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। आकर्षक झांकियों से सुसज्जित शोभायात्रा गांधी चौक दुर्गा मंदिर से शुरू होकर मां महामाया मंदिर में समाप्त होगी। शोभा यात्रा को लेकर श्री राम सेना द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। शहर को भगवा रंग से रंग दिया गया है। इसके साथ साज सज्जा का दौर जारी है।

- तैयारियां जोरों पर, शहर को सजाने के दौर जारी

बता दें चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्री राम सेना द्वारा प्रतिवर्ष विशालशोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। इस बार भी श्री राम सेना द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। शोभायात्रा को लेकर समाज के लोगों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शोभायात्रा को भव्य बनाने को लेकर चर्चा की गई और समाज के लोगों से सुझाव लिए गए। आयोजनकर्ता सूर्य प्रकाश साहू ने बताया कि शोभायात्रा 4 अप्रैल को निकले जाएगी। शोभायात्रा दोपहर 2 बजे गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से शुरू होगी जो घड़ी चौक, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक होते हुए मां महामाया मंदिर में समाप्त होगी। समापन उपरांत महामाया मंदिर में भजन कीर्तन होगा इसके साथ ही भंडारे का भी आयोजन होगा। शोभायात्रा में लगभग 50 हजार से अधिक लीग शामिल होंगे। शोभा यात्रा के दौरान आकर्षक झांकिया भी देखने को मिलेगी। शोभा यात्रा की लेकर शहर में बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। चौक चौराहों को सजाया गया है, घड़ी चौक खूबसूरत लाइटिंग की गई है। इसके साथ ही अन्य तैयारियां भी की जा रही है।

## कृषि विज्ञान केंद्र में मसाला एवं सुगंधित पौधों के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**अंबिकापुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मैनपाट सीतापुर में मसाला एवं सुगंध पौधों का उत्पादन प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस एस टुटेजा एवं कृषि विज्ञान केंद्र मैनपाट के मार्गदर्शन एवं संस्था प्रमुख डॉ. संदीप शर्मा के निर्देशन में क्षेत्र के किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में निदेशक विस्तार आईजीकेवी रायपुर द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किसानों को संबोधित करते हुए सुगंधित फसलों के उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तार जानकारी दी गई। डॉ. पीके जोशी विभागाध्यक्ष अनुवांशिक एवं पादप प्रजनन विभाग आईजीकेवी रायपुर ने भी ऑनलाइन के माध्यम से किसानों को उत्पादन तकनीक एवं योजना के बारे में विस्तार से बताया व किसानों से चर्चा कर उनकी सवालों का जवाब दिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं संस्था प्रमुख डॉ. संदीप शर्मा ने मसालों एवं सुगंधित फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन के साथ साथ उनके उत्पादन तकनीक के बारे में प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी प्रदीप लकड़ा ने धनिये की उत्पादन तकनीक एवं उसके लिए खेत का चयन के बारे में जानकारी दी। संस्था के वैज्ञानिक सीपी रहांगडाले ने हल्दी लगाने की विधि एवं उत्पाद को बाजार में अधिक मूल्य में बिक्री के बारे में जानकारी प्रदान की। वैज्ञानिक डॉ. शमशेर आलम ने धनिया एवं हल्दी में होने वाले रोग एवं कीटों की पहचान के बारे में जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. सुरजचंद पंकज ने प्रशिक्षण के दौरान किसानों को हल्दी एवं धनिया उत्पादन क्षेत्र का भ्रमण कराया। इस दौरान संस्था के कर्मचारी नितिन शाक्य एवं संतोष साहू समेत सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।



### लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए है संकल्पित

**सलका/अघिना।** भैयाथान के ग्राम राई जूनापारा मोहल्ले में कम उंचाई में लगे पोल खम्भों को बदला गया। ज्ञात हो कि 15 घरों में छोटे पोलो के साथ तार के बीच-बीच में बल्ले के सहारे बिजली पहुंच रही थी जिससे हर समय खतरा और ग्रामीण भयभीत थे। क्षेत्र के लोगों ने विद्युत पोल के छोटे और बांस बल्ली के सहारे लटके विद्युत तार से खतरा होने की जानकारी नवनिर्वाचित पंचायत के जनप्रतिनिधि, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष एवं एसएमडीसी अध्यक्ष अनूप जायसवाल को दी। जिस पर अनूप जायसवाल ने मौके का निरीक्षण कर तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया। बिजली विभाग द्वारा तत्काल मामले को संज्ञान लेते हुए 6 घंटे के भीतर पोल, कवरिंग तार, ट्रांसफार्मर लगाने का काम पूरा किया। पोल सहित अव्यवस्थित विद्युत तार के व्यवस्थित हो जाने पर क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। भाजयुमो उपाध्यक्ष एसएमडीसी अनूप जायसवाल ने कहा कि हमेशा की तरह आगे भी गांव में जो भी समस्या होगी समाधान के लिए हम पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गांव स्तर के समस्याओं की एक सूची बनाई जाएगी।उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित है। और इसके लिए लगातार प्रयास जारी रहेगा।

## महिलाओं के संगठन समभाव ने किया महिलाओं का रोजा इफ्तार

**अम्बिकापुर।** समभाव महिला मंच ने होटल अलंकार ग्रीन्स में महापौर मंजुषा भगत, डॉ.रसप्रीत ढिल्लो, श्रीमती शारदा अग्रवाल, पार्षद श्रीमती स्वेता गुप्ता, श्रीमती पूनम मिश्रा, श्रीमती संतोष पाण्डेय की उपस्थिति एवं डॉ.श्रीमती पुष्पा सोनी की अध्यक्षता में महिलाओं का रोजा इफ्तार आयोजित किया। अतिथियों के स्वागत उपरांत संयोजिका वंदना दत्ता ने सभभाव के उद्देश्यों के बारे में बताया एवं महापौर व पार्षदों से महिलाओं व बच्चों के स्वस्थ मनोरंजन एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पहल करने का अनुरोध किया। समभाव महिलाओं का रोजा इफ्तार 2015 से निरंतर आयोजित कर रहा है जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं शामिल होती है। इस दौरान लिलि कहकशा ने गीत प्रस्तुत किया। हिना खान, नुजहत नीलू, हिना परवीन, अंजुम शमीम, डॉ.शबनम खान ने सभभाव के आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की। सभभाव नवरात्रि पर हर मंदिर में व्रती महिलाओं को फल वितरण करता है जिसमें सभभाव की मुस्लिम सदस्य भी शामिल रहती है। कार्यक्रम में करवा चौथ प्रतियोगिता की विजेता सुनीता चोपड़ा, चयती अग्रवाल, नमिता चावला, स्मिता तिवारी, वर्णिता जायसवाल को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.शबनाम खान ने किया। पार्षद स्वेता गुप्ता और पूनम मिश्रा ने अपने विजयी होने का श्रेय महिलाओं को देते हुए हमेशा साथ देने का विश्वास दिलाया। सभी ने साथ में इफ्तार किया तथा जमकर फूलों की होली खेली। इस दौरान ईद और बैसाखी पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वंदना दत्ता ने उपस्थित महिलाओं को अंगदान के लिए आगे आने का अनुरोध किया। कार्यक्रम को डॉ.पुष्पा सोनी एवं डॉ.जसप्रीत कौर ढिल्लो ने संबोधित किया।



## एबीकेएमएस ने किया विभिन्न सात सेल का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बीएमएस से सम्बद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ ने अलग-अलग सेल का गठन किया है। महामंत्री सुजीत सिंह ने विभिन्न सेल गठित कर इसमें सदस्यों का मनोनय किया है। पेंशनर्स सेल में मजरुल हक अंसारी, मण्डा रमाकांत, अरुण प्रधान, नारायण राव सराटकर, रविन्द्र मिश्रा, मेडिकल सेल में पी माधव नायक, राजकुमार सिंह, अक्षरं कोरेमोरे, अभ्यास वर्ग सेल में सुधीर घुरडे, आशीष मूर्ति, बादल महाराणा, संजय सिंह, मीडिया सेल में जयंत आसोले, अनूप रांची, सुदर्शन मोहंती, दीपक सिंह चौहान, यादगिरी सतैया, संजय सिंह, सदस्यता सत्यापन सेल में मजरुल हक अंसारी, सुधीर घुरडे, रंजन बेहरा, प्रदीप सिंह बघेल, लीगल सेल में पी राजा रेड्डी, आनंद प्रताप सिंह, सुश्री सुष्मिता पटेल, पी माधव नायक, दिलीप सतपुते, सुरक्षा सेल में उमेश कुमार सिंह, संजय सिंह, जयंत आसोले, सुजीत झा, सुष्मिता पटेल, एन श्रीधर रेड्डी, अंगद उपाध्याय एवं पी राजा रेड्डी, कोल मंत्रालय से संपर्क कार्य हेतु मण्डा रमाकांत एवं सुरेश राठौड़ इंटरनल ऑडिटर के नाम शामिल किये गये हैं।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिरामती आ. धरम कुमार निवासी ग्राम बरढोढी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम मणीपुर स्थित खसरा नंबर 70/4 रकबा 0.024 हे. भूमि में से रकबा 0.004 हे. भूमि को अनावेदक विजय तिवारी पिता काशीराम तिवारी निवासी मनीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राषि रूपये 1,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 09/04/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार जावेंगा।

आज दिनांकः- 02/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

**गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज**
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

**TOP IN SURGUJA**

**सरगुजा मार्केट**

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
**डॉ.कमल नारायण गुप्ता**
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
- जटिल अस्थमा (दमा)
- टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
- गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
- बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
- छाती में भारीपन और सांस फूलना
- छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
- छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
- खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
- बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
- खांसी में खून आना

**सिटी हॉस्पिटल**
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धन्जल कॉम्प्लेक्स, रिंग रोड, अम्बिकापुर
**Dr. B.MINJ** Reg. No. MP-5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
Interventional Pain Physician Trained in Advance Pain management Procedure from Balaji Action Hospital Delhi, Daradia Pain Management Centre Kolkata
98277 31775, 8269905199
बिना ऑपरेशन के पीठ दर्द, कमर दर्द, सियाटिका, गर्दन दर्द एवं अन्य दर्द का इलाज वर्तमान में प्रचलित पद्धति एवं आधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
गर्दन दर्द, कन्धे का दर्द, कमर दर्द, स्लिप डिस्क एवं साइटिका, ट्रायजेमिनल- न्यूरलाजिया, पसलियों का दर्द एवं मांसपेशियों का दर्द/कैंसर संबंधी दर्द (Chronic Pain), किसी भी प्रकार का तीन महीने से पुराना दर्द जो कि दवाईयां या फिजियोथेरेपी से ठीक नहीं हो पाता है उसका इलाज पैन मैनेजमेंट पद्धति द्वारा किया जाता है।
Endoscopic Discectomy / Disc FX Procedure- सुईनुमा उपकरण/दूरबीन द्वारा स्लिप डिस्क को निकालना
Ozone Therapy- स्लिप डिस्क/साईटिका का ओजोन द्वारा इलाज
PRP (Platelet Rich Plasma) Therapy (Regeneration Therapy)- जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बो, एड़ी का दर्द Planter Fascitis एवं अन्य प्रकार के Tendinopathies
Radiofrequency Ablation (RFA)- दर्द की नसों को पहचान कर उसका इलाज
म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ. बी. मिंज अब सिटी हॉस्पीटल अम्बिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार (अगले माह 13 अप्रैल 2025) को उपलब्ध रहेंगे
समय : सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
8770826055, 7987664630

**तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)**
**माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल**
HOSPITAL Caring for You
TEJ Tej Diagnostic Group
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा — MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (I) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
**डॉ.संजीत जायसवाल**
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 6 अप्रैल 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

**डॉ. ए.एफ. दानिश**
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
- सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
- पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
- झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
- Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
- जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
- लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
- Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्तुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
**मूत्र रोग विशेषज्ञ**
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
25 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
- पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना।
- पेशाब में जलन।
- प्रोस्टेट बढ़ जाना।
- पेशाब बार-बार होना।
- किडनी, पेशाब थैली।
- पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
- गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
- पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
- पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
- अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

अब आपके शहर अम्बिकापुर में
एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
**डॉ. एस.एस.पाढ़ी**
वरिष्ठ सलाहकार -हृदय रोग
दिनांक 12 अप्रैल 2025, दिन - शनिवार
समय: सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
रांची (कॉके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ
**डॉ.आशीष सोय**
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
नोटः- डॉ.साहब प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

**लेजर मशीन द्वारा**
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

**न्यूरो ओ.पी.डी.** प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
**डॉ.हर्षित मिश्रा**
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 12 अप्रैल, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331, 9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैंड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

## खबर संक्षेप



### राज्य कूडो के लिए जिला टीम चयनित, दिया गया टी शर्ट

**अम्बिकापुर।** सोमवार को फील अनन्दम स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बाबूपारा में कूडो एसोसिएशन द्वारा आगामी 4 अप्रैल से 6 अप्रैल तक दुर्ग में आयोजित होने वाली तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य कूडो चैम्पियनशिप के लिए सरगुजा जिला कुडो टीम के चयनित खिलाड़ियों की घोषणा की गई। इस दौरान फील आनन्दम के संचालक डॉ.एम.राव एवं व्यवसायी पप्पु साहू द्वारा चयनित खिलाड़ियों को टी शर्ट प्रदान किया गया। चयनित खिलाड़ियों में 16 वर्ष आयु वर्ग में साक्षी अग्रवाल, तान्या सिंह, आस्था सिन्हा, हर्ष मनु केरकेट्टा, कोकोडा नताशा राव, सुरभि मित्तल, युसूफ खान, आस्था कुशवाहा, अब्दुल आशिफ, विक्रांत कुमार साहू, अविनाश सिंह, अभिमन्यु स्वर्णकार शामिल है। कार्यक्रम की अध्क्षता सरगुजा जिला कुडो संघ के अध्यक्ष अनिल बजवाल एवं संचालन उपाध्यक्ष पप्पू साहू तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव प्रभाकर स्वैन ने किया।

### सीएसपी ने पुलिस अधिकारी व जवानों के साथ शहर में किया पैदल गश्त



**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ बनाए रखने तथा सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय मौजूदगी बनाए रखते हुए लगातार पैदल गश्त व पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए है। जिसके परिपालन में पुलिस के अधिकारी व जवानों को नगर में पैदल पेट्रोलिंग करते देखा गया। रविवार को नगर पुलिस अधीक्षक एसएस पैंकरा के नेतृत्व में पुलिस के अधिकारी व जवानों ने मनेन्द्रगढ़ रोड़, नवापारा व भैयाथान रोड़ में पैदल पेट्रोलिंग किया। इस दौरान बैंक, एटीएम के सुरक्षा का जायजा लिया गया और व्यापारिक प्रतिष्ठान के संचालकों को हिदायत दी गई कि उनके यहां कार्यरत कर्मियों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराए, प्रतिष्ठान/संस्थान सहित उसके बाहर सीसीटीव्ही कैमरा लगवाये और नगर के यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दुकानों के सामने सड़क पर वाहनों को खड़ा न होने दे, बेतरतीब वाहन खड़ा करने से आवागमन बाधित होता है साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पुलिस द्वारा पैदल पेट्रोलिंग के दौरान संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी गई। इस दौरान थाना प्रभारी विमलेश दुबे सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### एसईसीएल स्टॉफ ऑफिसर सिविल का प्राइवेट ठेकेदारों ने किया सम्मान, दी विदाई



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों से पदस्थ रहे स्टॉफ ऑफिसर सिविल एस थंगराज के 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो जाने के अवसर पर प्राइवेट ठेकेदारों ने उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में ठेकेदार विजय मिश्रा,सज्जन कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार,बबलू मिश्रा, पीयूष तिवारी, विक्रांत सिंह टुनटुन, मनोज शर्मा, सुनील कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, ओवर सीयर जगरनाथ नंदी, मिथलेश सिन्हा, डीके सिंह, राजकिशोर सिंह, अवतार सिंह मान, तपन विश्वास, मित्तल पांडेय आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीण के घर के सामने से चोरी हुई बाइक दस दिन बाद तालाब के भीतर मिली

**बिश्रामपुर।** घर के सामने से दस दिन पूर्व चोरी हुई बाइक आज सोमवार को तालाब में मछली पकड़ने के दौरान बरामद की गई है। गौरतलब है



कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी मट्कधारी राजवाड़े की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीजे 8573 को करीब दस दिन पूर्व घर के सामने से अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दिया गया था।सोमवार को ग्राम गणेशपुर यादवपारा स्थित मुक्ति धाम तालाब में मछली पकड़ने गए ग्रामीणों की जाल में बाइक फंस गई, जिसे निकालकर पतासाजी करने पर मालूम हुआ कि उक्त बाइक ग्राम गोपालपुर निवासी मट्कधारी राजवाड़े की है। बाइक की शिनाख्त होने पर बाइक को वाहन स्वामी के सुपुर्द कर दिया गया है।

## एक-दूसरे को गले लगाकर दी बधाई

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्यौहार ईदगाह व मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज



ईंदगाह में नमाज अदा करते समाज के लोग।



गले मिलकर बधाई देते।



ईद के अवसर पर नमाज पढ़ते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुस्लिम समाज द्वारा ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईदगाह समेत मस्जिदों में ईद की 2 रक्त नमाज अता की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही कब्रिस्तान में फातिहा पढ़कर अपने पूर्वजों के लिए दुआ मांगी। ईद के अवसर पर ईद मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्म समुदाय के लोगों ने हिस्सा लेकर एकता और सद्भाव का संदेश दिया।

**खास बात**

- देश में अमन चैन और एकता की मांगी गई दुआ

बता दें कि मुस्लिम समाज द्वारा रमजान के पवित्र माह में एक महीने तक कठिन रोजा रखकर इबादत की गई। रमजान के दौरान मुस्लिम समाज के लोग रोजा, तरावीह की नमाज के साथ ही इबादत में लीन रहे। रमजान के मौके पर इफ्तार पार्टी का भी आयोजन समाज के लोगों द्वारा किया गया। इसके साथ ही समाज के लोगों द्वारा ईद को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी इस दौरान बाजार गुलजार रहे। एक महीने के कठिन रोजे के बाद रविवार की शाम ईद का चांद नजर आया। ईद का चांद नजर आते ही समाज के लोगों में खुशी की लहर फैल गई। ईद कज नमाज से पहले चांद रात को शहर सहित जिलेभर के बाजार गुलजार रहे और समाज के लोगों ने जमकर नए कपड़ों और अन्य सामग्रियों की खरीददारी की। वहीं सोमवार को जिलेभर में ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस के मौके पर सुबह से ही समाज के लोग ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। नए नए कपड़े पहनकर लोग नमाज पढ़ने के लिए ईदगाह और मस्जिद पहुंचे। संभाग मुख्यालय के ईदगाह में सुबह 9 बजे ईद की नमाज पढ़ाई गई। ईदगाह में जमा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अबरार अहमद मिस्बाही ने ईद की दो रकत नमाज पढ़ाई। जबकि रसूलपुर स्थित नाजमिया मस्जिद रसूलपुर में भी सुबह 9 बजे नमाज पढ़ाई गई। नाजमिया मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने नमाज पढ़ाई जबकि सदर रोड स्थित जामा मस्जिद में सुबह 9. 30 बजे हाफिज असिमुद्दीन ने नमाज पढ़ाई जबकि तकिया स्थित मस्जिद में सुबह 8.30 बजे मौलाना मुख्तार ने नमाज पढ़ाई। वहीं नूरानी मस्जिद मोमिनपुरा, गौसिया मस्जिद गौसिया नगर, अल शकूर मस्जिद लुचकि, अल सिद्दीक मस्जिद हुसैनी नगर, गौसिया मस्जिद मायापुर, मुस्तफा मस्जिद नमनाकला, मदीना मस्जिद अजिरमा सहित अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गई। ईद की नमाज के समाज के लोगों ने देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इसके साथ ही एकता और भाईचारे की कामना की। नमाज के बाद लोगों ने सभी गले शिकवे मिटाते हुए एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद की नमाज के बाद लोगों ने कब्रिस्तान में जाकर अपने पूर्वजों के कब्र पर फातिहा पढ़कर दुआ मांगी। इस दौरान ननि नेताप्रतिपक्ष शफी अहमद, परवेज आलम गांधी, रशीद अंसारी, सफदर अली, पार्षद बाबर इदरिशी, पार्षद गुड्डू मेराज, एमडी खान, मोनू खान, निक्की खान, फिरोज इदरीशी, अफजाल अंसारी, याकूब खान, अमीर अंसारी, साकिब सिद्दीक़ी, सूफियान सिद्दिकी, बाबू खान आदि मौजूद थे।

### ईद मिलन शामिल हुए सभी समाज के लोग

ईद के मौके पर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद द्वारा शहर के इंद्र वाटिका में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह मुस्लिम समाज के साथ सभी धर्म समाज के लोग शामिल हुए और गले लगकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। ईद मिलन समारोह में लोगों समभाव और एकता का परिचय दिया। ईद मिलन समारोह के दौरान लोगों में खास उत्साह देखने को मिला। समारोह में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, विंधेश्वर शरण सिंहदेव भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, राजू बाबर, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, रविन्द्र भारती, टिन्नी बाबरा, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, ननि के पूर्व सभापति अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, हेमंत सिन्हा, विनोद गुप्ता, हसन खान, जिलानी खान, आशीष वर्मा, हिमांशु जायसवाल, आशीष जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।



### धूमधाम से मनाया गया ईद उल फितर का त्यौहार

**लखनपुर।** नगर में ईद-उल-फितर का त्यौहार सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम खालीदुल कादरी ने ईद की नमाज पढ़ाया। इस दौरान ईदगाह में बच्चे, नौजवान, बुजुर्ग सहित समाज के सभी लोग मौजूद रहे। छोटे बच्चों में ईद को लेकर भारी उत्साह देखा गया।



नए-नए कपड़े पहनकर लोग ईदगाह पहुंचे तथा नमाज अता करने के बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद-उल-फितर की बधाई दी। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर सेवई, मिठाई खाई तथा ईद की खुशियां मनाई। नामज के बाद लोग अपने पूर्वजों की कब्र पर जाकर फतिहा पढ़ी। इस दौरान हजरत बाबा जामासाह की दरगाह में लोगों का ताता लगा रहा। इस दौरान कमेटी के सदर हाजी कयामुद्दीन अंसारी, नयाब सदर शाकिर अंसारी, खजांची समीम खान, सेक्रेटरी समीम खान, बल्लू , नसीम उल हक अंसारी, हाजी इदरीश खान, शहाबुद्दीन खान, नसरत अली, साबिर अंसारी, समस खान, मौलाना हसन रजा, हाफिज शमसीर, फिरदौस अख्तर, इमरान अंसारी, महफूज हैदर, शमशेर आलम, शाहबाज खान, इनायत अंसारी, महफूज हैदर, शमशेर आलम, शाहबाज खान, इनायत अंसारी, फिरोज नूर, आफताब, सेराज खान सहित अन्य सदस्य व समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया ईद का पर्व, ईदगाह में अदा की नमाज, मांगी अमन-चैन की दुआ

**प्रतापपुर।** रमजान के पवित्र महीना पूरा होने पर आज ईद उल फितर धूमधाम से मनाया गया। ईद के मौके पर शहर की वार्ड क्रमांक 6 स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने नमाज अदा की और अमन चैन की दुआ मांगी। सुबह बड़ी संख्या में समाज के लोगों की भीड़ ईदगाह में उमड़ी। नमाजियों ने ईद के मौके पर नमाज अदा की और एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। सुबह 9 बजे ईद की नमाज अदा की गई। इस दिन घरों में सेवई, खीर बनाई गई। अंजुमन कमेटी गुलशने सेराजिया अहले सुन्नत के सदर मेराजुद्दीन खान ने कहा भाईचारा आपसी सौहार्द के साथ सभी को मिलजुल कर रहना चाहिए। ईद का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है। इमाम मौलाना मुफ्ती वाहीद अली रिजवी ने ईद की नमाज अदा कराई। इस मौके शहर के जनप्रतिनिधियों सहित पुलिस अधिकारी की मौजूद रहे। ईद की नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी। इसके अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में



भी ईद की नमाज अदा की गई। ईद के मौके पर छोटे बच्चे नए परिधान पहन कर ईदगाह में पहुंचे। इस मौके पर ईदगाह और आसपास के क्षेत्र में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था भी रही। इस दौरान मोवजीन आबीद रजा कमेटी के सेक्रेटरी बहादुर खान हफीज अंसारी, नायाब सदर मनान खान, नैमुददीन खान, जीशान खान, शाबीर खान, सुहेल खान, सलाहुद्दीन खान, साजिद खान, जावेद खान, नावेद खान, सुहेर तनवीर, अहमद महबूब, अहमद खान, सोनल सिद्दीकी, कामरान खान, महबुला खान, सेराजुल हक, फिरोज हक, पूर्व सदर हसमत उललाह खान, अफसर अजीज, इमरान अंसारी, फिरोज खान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ ईद मनाकर पढ़ी गई नमाज

बिश्रामपुर। कोयलांचल समेत आसपास क्षेत्र में ईद त्यौहार सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। रविवार की शाम को चांद का दीदार होने के बाद ईद का ऐलान किया गया, इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।



नगर के स्टेट बैंक के समीप मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। इसी प्रकार ग्राम सतपता, जयनगर, करवां, कुमदा कालोनी, दतिमा मोड, करंजी व अन्य स्थानों में स्थित ईदगाह में ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर बधाईयां दी गई।गौरतलब है कि पिछले दिनों 2 मार्च को रमजान की शुरुआत हुई और मुस्लिम समाज के लोगों ने अपना पहला रोजा रखा। इसके बाद से निरंतर रोजा रखकर समाज के लोग खुदा की इबादत करते रहे। वहीं मस्जिदों में तरावीह की नमाज भी अदा की गई। ईद को लेकर पुलिसिंग व्यवस्था भी दुरुस्त रखी गई थी।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह मार्च 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 05 दिन | 4.00 | 20.00 |
| 24 दिन | 5.00 | 120.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेंट बंधु को 5 अप्रैल 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## एसईसीएल के नवपदस्थ सीएमडी ने सीआईसी फील्ड बिश्रामपुर, भटगांव व बैकुंठपुर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



एसईसीएल के नवपदस्थ अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने रविवार 30 मार्च को दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के मध्य भारत कोलफील्ड्स के तहत संचालन क्षेत्रों का दौरा किया। सीएमडी पदस्थ होने के बाद वे यहां पहले दौरे पर आकर सीआईसी फील्ड से रूबरू होते हुए अधिकारियों का उत्साह वर्धन किया।उनके यात्रा का उद्देश्य वित्त वर्ष 25-26 के लिए रणनीतिक योजना, खनन कार्यो की समीक्षा, उत्पादन और उत्पादकता का आकलन और विभिन्न खानों में सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करना बताया गया है।श्री दुहन ने एसईसीएल भटगांव क्षेत्र में अपना दौरा शुरू किया, जहां उन्होंने चल रही खनन गतिविधियों और खानों के समग्र प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। जगन्नाथपुर ओसीएम में, उन्होंने विशेष रूप से जगह में सुरक्षा उपायों की समीक्षा की और टीम को एसईसीएल की मॉडल खान के रूप में खान को विकसित करते हुए उत्पादकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

- जगन्नाथपुर, आमगांव और चरचा भूमिगत खदानों का किया निरिक्षण

सुरक्षा जागरूकता के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने विभागीय और ठेकेदार दोनों श्रमिकों को सुरक्षा निर्देशों को प्रभावी ढंग से संवाद करने के लिए दृश्य और चित्रकारी सहायता के उपयोग करने की बात कही।इसके बाद सीएमडी श्री दुहन बिश्रामपुर क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने आमगांव खुली खदान का निरीक्षण किया। उनके मूल्यांकन में पुराने और नए पैच वर्किंग्स, साथ ही साथ संम्प क्षेत्र दोनों की गहन जांच शामिल थी। उन्होंने भूमि और पुनर्वास (एल एंड आर) मामलों पर महत्वपूर्ण निर्देश दिए और कड़े सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए उत्पादन को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। बाद में उन्होंने बिश्रामपुर क्षेत्र के विभागों के प्रमुखों (एचओडी) और स्टाफ अधिकारियों के साथ बैठक बुलाई, जिसमें पिछले वर्षो की तुलना में भारी नुकसान से महत्वपूर्ण बदलाव और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए संतोष जताया। यहां के बाद सीएमडी बैकुंठपुर क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने चरचा भूमिगत खान का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भूमिगत खान क्षेत्र का दौरा किया और विस्फोट मुक्त, पर्यावरण के अनुकूल बड़े पैमाने पर उत्पादन प्रौद्योगिकी, निरंतर माइनर का उपयोग करके कोयला उत्पादन संचालन का आकलन किया। उन्होंने खान की कैंटीन का भी दौरा किया, जहां उन्होंने श्रमिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया,तत्पश्चात क्षेत्र के एचओडी के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्पादन और उत्पादकता पहलुओं की समीक्षा की गई।

### बतौली के 42 पंचायतों में सामूहिक गृह प्रवेश

**बतौली/सेदम।** चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत नवनिर्मित आवास में जनपद स्तरीय गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बांसाझाल, मानपुर, सुवारपारा में किया गया है। साथ ही जनपद पंचायत बतौली के समस्त 42 ग्राम पंचायतों में सामूहिक गृह प्रवेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें लक्ष्मी नारायण सिदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी बतौली, जनपद सदस्य, विकासखण्ड समन्वयक, करारोपण अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहें। आवास हितग्राहियों को गृह प्रवेष के उपलक्ष्य में श्रीफल, साल, घड़ी, चाभी देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



## ग्राम पंचायत चांची में 902 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं चाबी देकर कराया गृह प्रवेश

**राजपुर।** ग्राम पंचायत चांची में प्रधानमंत्री आवास योजना के सामूहिक गृह प्रवेश हेतु आयोजित कार्यक्रम मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल एवं विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें लाभान्वित 902 हितग्राहियों को नवीन आवास का प्रमाण पत्र एवं चाभी प्रदान कर गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार है और गांव, गरीब परिवारों की चिंता कर रही है। लम्बे समय से रुके हुए प्रधानमंत्री



आवास का कार्य तेजी से पूर्ण हो रहा है। प्रदेश की विष्णुदेव सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने हेतु दृढ़ संकल्पित है। मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन से छत्तीसगढ़ का तेजी के विकास हो रहा है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनार सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती सुमन गुप्ता, जगरानी खलखो, मुकेश गुप्ता, जनपद पंचायत सीईओ अनिल तिवारी, पीओ कृष्णा गुप्ता, निलेश गुप्ता, विक्की गुप्ता,रोजगार सहायक, सरपंच सहित बड़ी संख्या में आवास के हितग्राही उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून 25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411